डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 23 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com

एक नजर

आर्थिक संकट का हल ढूंढने में जुटी सरकार, 6 दिन में दूसरी बार होगी ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक

नई दिल्ली : देश में कोरोना वायरस के बाद अर्थव्यवस्था के सामने आई कई तरह की चुनौतियों से पार पाने में केंद्र सरकार जुटी है। 6 दिन के भीतर शनिवार को दूसरी बार ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर शाम पांच बजे से होने वाली इस बैठक में देश के सामने मौजूद आर्थिक संकट और तमाम सेक्टर्स को चुनौतियों से उबारने के लिए दिए जाने वाले पैकेज का लाभ पहुंचाने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी है। इससे पहले 18 मई को आर्थिक मसले पर ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक हुई थी।

सरकार जल्द घोषित करेगी वाहन स्क्रैप नीति, ऑटो उद्योग को होगा बड़ा फायदा

नई दिल्ली : पुराने वाहनों कार, बस, ट्रक आदि के निपटान के लिए सरकार वाहन स्क्रैप नीति लाने की तैयारी कर रही है जिससे ऑटो उद्योग को संकट से उबारने में मदद मिलेगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वाहन स्क्रैप नीति को अंतिम रूप देने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। संबंधित मंत्रालयों के साथ विचार विमर्श लगभग पूरा हो गया है। सरकार इस नीति को जल्दी ही घोषित कर देगी।

प्रवासी महिला : जच्चा-बच्चा की देखभाल को अखिलेश देंगे 1 लाख रुपये

लखनऊ : समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देशव्यापी लॉकडाउन के बीच घर वापसी के दौरान सड़क किनारे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर हुई महिला को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। प्रवासी महिला को रास्ते में प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी, जिसके बाद उसने सड़क किनारे ही बच्चे को जन्म दिया। सपा ने जच्चा-बच्चा की देखभाल के लिए एक लाख की मदद की बात कही।

भारत में सवा लाख के पार पहुंची कोरोना मरीजों की संया, अबतक 3720 की मौत

डेली संवाद, नई दिल्ली।

भारत में पिछले 24 घंटे में 6,654 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं, जबकि 137 लोगों की मौत हो गई है. अब देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 1,25,101 हो गई है. इनमें से 69597 केस एक्टिव हैं. वहीं कोरोना वायरस की वजह से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 3720 हो गई है. हालांकि, राहत की बात यह है कि 51784 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ भी हुए हैं। वहीं दिल्ली में पिछले 24 घंटे के अंदर 14 नए हॉटस्पॉट बने, जो अब तक एक दिन में सर्वाधिक हॉटस्पॉट का रिकॉर्ड है. इसके साथ ही अब दिल्ली में कंटेनमेंट जोन की कुल संख्या बढ़कर 92 पहुंच गई है. हालांकि इसी अवधि के दौरान दिल्ली का एक इलाका कंटेनमेंट जोन की

लिस्ट से बाहर भी हुआ है। इससे पहले गुरुवार को कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण 148 लोगों की मौत हुई थी. इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे से 148 लोगों की इस वायरस के कारण मौत हो गई और 6,088 नए मामले सामने आए।

66,330 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है : उसने बताया कि देश में 66,330 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है, संक्रमित हुए 48,533 लोग अब स्वस्थ हो गए हैं और एक मरीज विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अभी तक करीब 40.97 प्रतिशत मरीज संक्रमण से उबर चुके हैं.'' जिन लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई हैं, उनमें विदेशी भी शामिल हैं। गुरुवार सुबह से संक्रमण के कारण जिन 148 लोगों की मौत हुई है, उनमें महाराष्ट्र के 64, गुजरात के 24, दिल्ली के 18, उत्तर प्रदेश के 11, तमिलनाडु के सात, पश्चिम बंगाल के छह, तेलंगाना के पांच, राजस्थान के चार, मध्यप्रदेश के तीन, जम्मू-कश्मीर के दो और बिहार, ओडिशा, हरियाणा और पंजाब का एक-एक व्यक्ति शामिल है।

2.9 करोड़ भारतीयों को झटका, नौकरी के लिए दिए डेटा को कर दिया लीक

डेली संवाद, नई दिल्ली

नौकरी प्राप्त करने के चक्कर में 2.9 करोड़ भारतीय युवाओं का डेटा एक हैकिंग फोरम में शेयर किया गया है। यहां से इस डेटा को कोई भी एक्सेस या डाउनलोड कर सकता है यानि इतने करोड़ भारतीय युवाओं के डेटा को लीक कर दिया गया। उक्त जानकारी ऑनलाइन इंटेलिजेंस फर्म साइबल की ओर से दी गई है। साइबल द्वारा ब्लॉग में कहा गया, 2.9 करोड़ भारत के नौकरी खोज रहे लोगों के पर्सनल डीटेल्स डीपवेब पर फ्री में लीक किए गए हैं। इन डीटेल्स में कुछ डीटेल्स पर्सनल और सेंसिटिव भी हैं। इस डेटा में एजुकेशन सर्टिफिकेट्स की कापियों से लेकर पर्सनल एड्रेस और कॉन्टैक्ट डीटेल्स तक शामिल हैं।

43 डिग्री सेल्सियस की तपती गरमी में आवारा जानवरों को पकड़ने खुद सड़क पर उतरे मेयर

डेली संवाद, जालंधर

जालंधर में 45 डिग्री सेल्सियस की झुलसा देने वाली गरमी में मेयर जगदीश राजा अपने पार्षदों के साथ गारबेज डंपों का चक्कर काट रहे हैं। ये चक्कर किसी और के लिए नहीं, बल्कि आवारा पशुओं को पकड़कर उन्हें गौशाला भेजने की कवायद के लिए काटा जा रहा है। मेयर जगदीश राजा और पार्षद बलराज ठाकुर ने शहर के लोगों से अपील की है कि अपने पशुओं को सड़कों पर मत छोड़ो। उन्होंने कहा कि इससे रोड एक्सीडेंट हो रहे हैं। इस मौके पर डा. राजकमल के अलावा कई अन्य लोग मौजूद थे।

जालंधर-चंडीगढ़ में सामने आए कोरोना के तीन-तीन नए केस

डेली संवाद, जालंधर/अमृतसर

जालंधर और चंडीगढ़ में आज कोरोना वायरस से पीड़ित तीन-तीन नए केस सामने आए है जबकि अमृतसर में महिला की इस जानलेवा वायरस के कारण जान चली गई है। जालंधर में नए मामले सामने आने के बाद मरीजों की संख्या बढ़कर 221 हो गई है। देर रात आई रिपोर्ट्स में सिविल अस्पताल की एक स्टाफ नर्स, निजी अस्पताल की महिला स्टाफ मैंबर और टीबी की बिमारी के पीड़ित एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया है। उधर, अमृतसर में कोरोना से देर रात एक महिला की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त महिला भोपाल की रहने वाली बताई जा रही है जो यहां अपनी बहन के साथ स्थानीय गुजारपुरा में अपने रिश्तेदार के पास रहने आई थी। इस खबर की पुष्टि करते हुए संबंधित पुलिस चौके के इंस्पैक्टर विनोद कुमार ने बताया कि महिला की मौत होने के बाद इलाके को सील कर दिया गया है। वहीं मृतका की बहन भी कोरोना पॉजिटिव बताई जा रही है।

चंडीगढ़ में भी तीन पॉजिटिव केसः चंडीगढ़ की बापूधान कॉलोनी में कोरोना वायरस के तीन नए केस सामने आए हैं। तीन नए मामलों में दो एक ही परिवार के हैं और एक अन्य है।

कांग्रेसी नेता के साथियों ने जालंधर में पत्रकार को किडनैप कर जान से मारने की कोशिश की

डेली संवाद, जालंधर

पंजाब और चंडीगढ़ में पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। जालंधर के भोगपुर के गांव भटनूरा में कांग्रेसी सरपंच सरबजीत सिंह के साथियों ने पीटीसी न्यूज़ के पत्रकार हुसन लाल को अगवा कर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। पत्रकार किसी तरह से अपनी जान बचा कर उनके चुंगल से भाग निकला। घायलावस्था में अस्पताल में पहुंचा। जहां उसका इलाज चल रहा है। पत्रकार हुसन लाल ने बताया कि गांव भटनूरा के कांग्रेसी सरपंच सरबजीत सिंह और उसके गुंडों द्वारा कुछ दिन पहले अपने ही गांव की कुछ औरतों पर अत्याचार किया गया था, और उन्ही पीड़ित औरतों की ख़बर करने के लिए ही वह अपने कैमरामैन के साथ गांव भटनूरा पहुंचा था। वहां पर कांग्रेसी सरपंच सरबजीत सिंह के गुंडे आ गए और उनके साथ गाली गलौच व जातिसूचक शब्द बोलते हुए उस पर हमला बोल दिया। इस भगदढ़ में पत्रकार के साथी कैमरामेन परमजीत सिंह

ने किसी किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन पत्रकार हुसनलाल को गुंडों ने पकड़ लिया। हुसन लाल ने बताया कि उसको पीटते हुए वह लोग बाइक पर अगवा कर के ले गए और आगे ले जाकर फिर दोबारा पीटा व जान से मारने की कोशिश की गई। इस दौरान उसका एक मोबाइल भी छीन लिया गया। सरपंच के गुंडों द्वारा धमकाया भी गया कि अगर दोबारा उनके इलाके में नज़र आया तो तुमें खत्म कर देंगे, हमारी सरकार है तू हमारा कुछ नही बिगाड़ सकता। पत्रकार हुसन लाल ने कहा कि उस को व उसके परिवार को सरपंच व उसके गुंडों से जान का खतरा है।

डेली संवाद पर खबर चलने के बाद DGP पंजाब ने जालंधर कमिश्नर से मांगी रिपोर्ट

डेली संवाद, जालंधर

जालंधर के भोगपुर में पीटीसी के पत्रकार को किडनैप करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में डीजीपी ने जांच के आदेश दिए हैं। डेली संवाद वेबसाइट पर न्यूज फ्लैश होने के बाद पंजाब पुलिस ने इसे ट्वीट कर पुलिस कमिश्नर जालंधर से कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जालंधर के भोगपुर के गांव भटनूरा में कांग्रेसी सरपंच सरबजीत सिंह के साथियों ने पीटीसी न्यूज़ के पत्रकार हुसन लाल को अगवा कर उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। पत्रकार किसी तरह से अपनी जान बचा कर उनके चुंगल से भाग निकला। घायलावस्था में अस्पताल में पहुंचा। जहां उसका इलाज चल रहा है। ये खबर आज सुबह ही डेली संवाद पर प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद ट्वीटर पर पंजाब पुलिस ने इसे रिट्वीट करते हुए जालंधर के पुलिस कमिश्नर से जांच और रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि पत्रकार को एक रिपोर्ट चलाने के कारण मारापीटा गया है।

10 दिन में 2600 ट्रेनें चलाएगा रेलवे, आरएसी को कंफर्म टिकट ही समझें यात्री

डेली संवाद, नई दिल्ली

लॉकडाऊन के बीच दोबारा जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए सभी क्षेत्रों में प्रयासों का सिलसिला जारी है।?इन्हीं क्षेत्रों में शामिल है रेलवे का सफर।?लॉकडाऊन के दौरान लोगों को घर पहुंचाने के लिए किए गए?प्रबंधों के बारे में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने कहा कि अगले 10 दिन में 2600 ट्रेनों में 36 लाख यात्री सफर करेंगे। 1 मई से अब तक श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में सफर करने वाले 45 लाख प्रवासी मजदूरों में से 80त्न यूपी और बिहार के हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 45 लाख लोगों ने श्रमिक ट्रेनों में सफर किया। इनमें से 80 फीसदी यूपी और बिहार के थे। एक मई से श्रमिक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।इन ट्रेनों में श्रमिकों को मुफ्त खाना और पानी दिया जा रहा है। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और दूसरे ऐहतियाती कदमों का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज रोजाना 200 से ज्यादा श्रमिक ट्रेनें रोजाना चल रही हैं। 200 में 190 ट्रेनों में बुकिंग अवेलेबल है। अभी केवल 30 प्रतिशत टिकट बुक हुए हैं।

मुंबई से निकली श्रमिक ट्रेन ने जाना था यूपी, पहुंच गई ओडिशा

नई दिल्ली : भारतीय रेलवे की तरफ से एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, 21 मई को मुंबई से गोरखपुर के लिए रवाना हुई इस ट्रेन को शॉर्टेस्ट रूट से गुजरना था लेकिन रेलवे ने इसका रूट बदलकर काफी लंबा कर दिया और यह ट्रेन 8 राज्यों का चक्कर काटकर ओडिशा के राउरकेला पहुंच गई।

25 मई से शुरू हो रही है उड़ान, तापमान 98.7 डिग्री फॉरेनहाइट हुआ तो नहीं कर सकेंगे हवाई यात्रा

नई दिल्ली : मानव शरीर का सामान्य तापमान 98.6 डिग्री फॉरेनहाइट माना जाता है और 98.7 डिग्री फॉरेनहाइट होने पर शायद ही दुनिया का कोई डॉक्टर कहेगा कि आपको बुखार है। इसके बावजूद दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रवेश से पहले यदि शरीर का तापमान 98.7 डिग्री पाया गया तो यात्री को टर्मिनल के अंदर नहीं जाने दिया जायेगा।

हाइड्रॉ सीलोरोवीन के इस्तेमाल का बढ़ाया दायरा

देश में अब कोरोना योद्धाओं को भी दी जाएगी ये दवा

डेली संवाद, नई दिल्ली

विश्व में कोरोना वायरस महामारी का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस वायरस के प्रकोप को रोकने और महामारी से निजात पाने के लिए हर देश वैक्सीन बनाने की होड़ में लगा हुआ है। वहीं कोरोना जंग में कारगर साबित हुई भारत की मलेरिया रोधी दवा हाइडॉक्सीक्लोरोक्वीन की मांग वैश्विक स्तर पर हो गई है। इस बीच आईसीएमआर ने इस दवा को लेकर शुक्रवार को एक संशोधित परामर्श जारी किया। ढ्ढष्टरूक्र ने हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के इस्तेमाल का दायरा अब बढ़ा दिया है। देश में अब

कोरोना वायरस महामारी से लड़ाई में पहली पंक्ति में खड़े कोरोना योद्धाओं को भी हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन दवा दी जाएगी। सरकार ने शुक्रवार को एक संशोधित परामर्श जारी कर गैर कोविड-19 अस्पतालों में काम कर रहे बिना लक्षण वाले स्वास्थ्यसेवा कर्मियों, निरुद्ध क्षेत्रों (कंटेनमेंट जोन) में निगरानी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों और कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने संबंधी गतिविधियों में शामिल अर्द्धसैन्य बलों/पुलिसकर्मियों को रोग निरोधक दवा के तौर पर हाइडॉक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू) का इस्तेमाल करने की सिफारिश की है। इससे पहले जारी परामर्श में किए उल्लेख के अनुसार, कोविड-19 को फैलने से रोकने एवं इसका इलाज करने में शामिल बिना लक्षण वाले सभी स्वास्थ्यसेवा कर्मियों और संक्रमित लोगों के घरों में संपर्क में आए लोगों में संक्रमण के खिलाफ इस दवा का इस्तेमाल करने की भी सिफारिश की गई है।

एसबीआइ की अपने ग्राहकों को बड़ी चेतावनी

सावधान रहें एक एसएमएस खाली कर देगा आपका बैंक अकाउंट

डेली संवाद, नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंकने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए अपने करोड़ों उपभोक्ताओं को चेतावनी जारी की है। एसबीआई ने ट्वीट के जरिए चेतावनी जारी की है। ट्वीट में एसबीआई ने ग्राहकों को चेताया है कि वे अज्ञात स्त्रोतों अज्ञात लिंक या अज्ञात ऐप के माध्यम से वर्तमान महामारी पर बड़े ऑफर या जानकारी प्रदान करने का दावा करने वाले नकली एसएमएस से सावधान रहें, क्योंकि वे आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं।

SBI ने ट्वीट में जानकारी दी है कि आजकल उपभोक्ताओं के एक नए तरह के वायरस का शिकार बनने की आशंका है और जिसके जरिए उनके साथ धोखाधड़ी हो सकती है। एसबीआई ने ष्टद्गह्ल्द्गह्वह्य वायरस को स्वर्ग लोक, धरती लोक और पाताल लोक तीन हिस्सों में बांटा है। एसबीआई

ने लिखा है कि ग्राहकों को धोखाधड़ी की आशंका होने पर सरकार की साइबर क्राइम के मामलों को देखने वाले वेब पोर्टल पर http://cybercrime.gov.in शिकायत करनी चाहिए।

एसबीआई ने ट्वीट पर जानकारी दी है कि Cerberus ट्रोजन मैलवेयर को ऑनलाइन बैंकिंग करने वाले ग्राहकों के लिए पाताल लोक की संज्ञा दी गई है। वहीं स्वर्ग लोक के दायरे में आने वाले यूजर्स के साथ हमेशा धोखाधड़ी की आशंका बनी रहने की आशंका जताई गई है, वहीं धरती लोक के यूजर्स के बारे में कहा गया है कि वे मैलवेयर और उसके खतरे के बारे में पता है उसके बावजूद ऐसे यूजर्स अनजान लिंक्स पर क्लिक करते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वायरस से यूजर्स के बैंकिंग से जुड़ी जानकारियां चोरी कर ली जाती हैं। इन जानकारियों में क्रेडिट कार्ड डिटेल्स और अन्य डेटा शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धोखाधड़ी करने वाले Cerberus मैनलवेयर की मदद से अकाउंट होल्डर्स को निशाना बना रहे हैं।

चीनी बैंकों ने बढ़ाई अनिल अंबानी की मुश्किलें, 21 दिनों में चुकाने होंगे 71.7 करोड़ डॉलर

डेली संवाद, नई दिल्ली

ब्रिटेन की एक अदालत ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी को चीन के तीन बैंकों को 21 दिन के भीतर 71.7 करोड़ डॉलर का भुगतान करने को कहा है। इन बैंकों को एक ऋण करार के तहत अंबानी से यह राशि वसूल करनी है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर लागू प्रक्रियाओं के अनुरूप सुनवाई करते हुए लंदन में इंग्लैंड और वेल्स के हाई कोर्ट के वाणिज्यिक खंड के न्यायमूर्ति निजेल टियरे ने व्यवस्था दी कि अंबानी जिस व्यक्तिगत गारंटी को विवादित मानते हैं वह उन पर बाध्यकारी है। लंदन की कोर्ट ने इसी साल फरवरी में अनिल अंबानी को 100 मिलियन डॉलर की राशि 6 सप्ताह के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया था।